हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 5 जनवरी 2025

# मेट्रो सिटी

## शहर में घूमते तड़ीपार अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर.** शांतीनगर पुलिस थाना क्षेत्र में एक तड़ीपार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।3 जनवरी 2025 को, पुलिस थाना शांतीनगर के जांच दल को सूचना मिली कि तड़ीपार आरोपी सिराजुल हक (50) शांति नगर, लाल नगर निवासी जो कि नागपुर शहर और ग्रामीण सीमा से तड़ीपार है, नरेश पानठेले के पास घूम रहा है। पुलिस को मिली जानकारी के बाद, उन्होंने आरोपी को पकड़ने के लिए कार्रवाई की। पुलिस दल ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी को पुलिस ने देखा, उसने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उसे पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को पुलिस थाने लाकर अभिलेखों की जांच की। जांच के दौरान यह पाया गया कि सिराजुल हक को पुलिस उपआयुक्त 3 के आदेश के तहत, 12 नवंबर 2024 से नागपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र से तड़ीपार किया गया था। बावजूद इसके आरोपी बिना अनुमति के शहर में घूमते हुए मिला है। इसके आधार पर शांतीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे का काम हुआ पूरा

### > यात्रा का समय 8 घंटे होगा कम

**नागपुर.**

महाराष्ट्र सरकार ने 701 किमी लंबे मुंबई नागपुर एक्सप्रेसवे का काम पूरा कर लिया है। इसका उद्घाटन फरवरी महीने में होने का अनुमान है। इस एक्सप्रेसवे से यात्री मात्र 8 घंटे में नागपुर से मुंबई की दूरी तय कर लेंगे।

"हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग" वर्तमान में नागपुर से नासिक के इगतपुरी तक 625 किलोमीटर तक शुरू है और इसके उद्घाटन के बाद, यह मुंबई से नागपुर की यात्रा का समय 16 घंटे से घटाकर आठ घंटे कर देगा।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस परियोजना के लिए अनिल कुमार बलिराम गायकवाड़ को मुख्य अभियंता के रूप में चुना था। गायकवाड़ वर्तमान में महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जा रहा है और यह महाराष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए बड़ा बदलाव साबित होगा।

**संभवतः फरवरी में किया जाएगा उद्घाटन**

मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे को दिसंबर 2022 और मार्च 2023 में आंशिक रूप से खोला गया था। अब अंतिम खंड का निर्माण पूरा हो गया है, संभवतः फरवरी में इसका उद्घाटन किया जाएगा।

# नागपुर यूनिवर्सिटी में बनेंगे दो नए होस्टल

### > खर्च होंगे 440 करोड़, जी-10 और जी-7 इमारत को मंजूरी

**नागपुर.**

राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों में अध्ययनरत छात्रों के लिए दो नए हॉस्टल बनाए जाएंगे। विवि के अपर और लोअर हॉस्टल की जगह अब जी-10 और जी-7 हॉस्टल बनेंगे। इसे इमारत निर्माण समिति की मंजूरी दी गई है। जी-10 हॉस्टल को 230 करोड़ और जी-7 होस्टल को 210 यानी निर्माण के लिए कुल 440 करोड़ खर्च किए जाएंगे। सीनेट सभा में पूछे गए सवाल पर कुलसचिव डॉ. राजू हिवसे ने यह जानकारी दी। जी-10 में 1400 छात्रों की क्षमता और जी-7 हॉस्टल की क्षमता 900 से 1 हजार तक रहेगी। अब व्यवस्थापन परिषद की मंजूरी के लिए यह प्रस्ताव भेजा गया है। साथ ही इमारत निर्माण के लिए आर्किटेक्ट भी नियुक्त किया गया है।

नागपुर विवि में पढ़ने वाले बाहर गांव के छात्रों के लिए अपर और लोअर दो ब्वॉयज हॉस्टल और गांधी नगर में एक गर्ल्स हॉस्टल है, लेकिन यह हॉस्टल बदहाल स्थिति में हैं। दिन-प्रतिदिन छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले वर्ष 200



लड़के और 200 लड़कियों की क्षमता वाले नए हॉस्टल कैम्पस परिसर में बनाने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2 जनवरी को हुई सीनेट की सभा में सदस्य डॉ. ओमप्रकाश चिमनकर ने हॉस्टल के आधुनिकीकरण और नए हॉस्टल बनाने पर पुनः प्रस्ताव रखा था। इसको गंभीरता से लेते हुए कुलसचिव ने दो नए हॉस्टल बनाए जाने की जानकारी दी है। वर्तमान स्थिति में हॉस्टल में आने वाली समस्या हल करने पर डॉ. राजू हिवसे ने कहा कि हॉस्टल के छात्रों को आने वाली समस्या का समाधान करने के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा सलाहकार समिति गठित की गई है। इस समिति में सीनेट सदस्य, यूनिवर्सिटी प्रशासन अधिकारी और छात्र प्रतिनिधि रहते हैं। हॉस्टल में रहने वाले छात्रों को खाने से लेकर अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हुईं तो, इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए समिति द्वारा यूनिवर्सिटी को इसकी जानकारी दी जाती है और तत्काल समाधान करने की मांग की जाती है। इसके बाद यूनिवर्सिटी द्वारा समाधान पर उचित कदम उठाए जाते है।

नागपुर विवि का परिसर नागपुर अमरावती राष्ट्रीय महामार्ग और अंबाझरी मार्ग पर भी है। कैंपस में रोजाना बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और कर्मचारी आते हैं। इस सड़क पर बड़ी संख्या में तेज गति से वाहन चलते हैं।

अब तक परिसर के दोनों प्रवेश द्वारों के पास दो से तीन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए विश्वविद्यालय के दोनों प्रवेश द्वारों के सामने स्पीड ब्रेकर और सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग डॉ. ओमप्रकाश चिमनकर ने प्रस्ताव में की थी। इस पर जवाब में डॉ. राजू हिवसे ने कहा कि दोनों प्रवेश द्वार के सामने स्पीड ब्रेकर लगाने की कार्रवाई पूरी की गई है।

## धड़ल्ले से हो रही जानलेवा नायलॉन मांजा की बिक्री

**नागपुर.**

शहर में पुलिस द्वारा नायलॉन मांजा के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के बाद भी इसकी बिक्री धड़ल्ले से जारी है। इसी बीच एक महिला सहित तीन आरोपियों को नायलॉन मांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 119 चकरियों सहित 6.7 लाख रुपए का माल जब्त किया गया है। क्राइम ब्रांच और सामाजिक सुरक्षा दस्ते ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी प्रकार 1 माह में मनपा के उपद्रव शोध पथक ने 4 स्थानों पर कार्रवाई कर 30475 प्लास्टिक की पतंगों को जब्त किया है। क्राइम ब्रांच की यूनिट 5 के दस्ते ने गुरुवार को गश्त के दौरान रात करीब 8.25 बजे शांति नगर (प्रेम नगर) में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। इस दौरान महिला आरोपी शीतल विनोद मानमोडे (35) प्रेम नगर निवासी को गिरफ्तार किया। आरोपी महिला से शासन द्वारा प्रतिबंधित नायलॉन मांजा की 16 चकरियों सहित करीब 32 हजार रुपए का माल जब्त किया गया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यूनिट 5 के दस्ते ने आरोपी को माल सहित शांति नगर थाने के हवाले कर दिया है। क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा दस्ते ने 2 जनवरी को गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर छत्रपति शिवाजी चौक, धनगवली नगर, पारडी में होंडा शाइन वाहन क्र. एमएच 49 ए 2489 पर जा रहे आरोपी रतन राम किसन सिंह (19) और कपिल कुलदीप सिंह (19) नवीन नगर, पारडी निवासी को रोका।

# चुनाव परिणाम के खिलाफ कांग्रेस पहुंची बॉम्बे हाईकोर्ट

**नागपुर.**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम जारी हुए लगभग एक महीने से ज्यादा का समय बीत चूका है, लेकिन अभी तक कांग्रेस पार्टी चुनाव में हुई उसकी हार को स्वीकार नहीं कर पाए हैं। कभी ईवीएम में गड़बड़ी तो कभी वोटिंग लिस्ट में धांधली करने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं अब कांग्रेस उम्मीदवार परिणाम के खिलाफ अदालत पहुंच गए हैं। चुनाव में हारने वाले कई कांग्रेस उम्मीदवारों ने बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग पर कई संगीन आरोप लगाए हैं।

ज्ञात हो कि, 20 नवम्बर को आये चुनावी परिणाम में महायुति की प्रचंड जीत मिली थी। भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन ने राज्य की 288 सीटों में से 232 सीटों पर जीत मिली थी। जिसमें भाजपा सबसे ज्यादा 132 सीट जितने में कामयब हुई थी। वहीं महाविकास अघाड़ी 46 सीटों पर सिमट गई थी।चुनाव में महायुति की प्रचंड जीत और महाविकास आघाडी की हार के बाद से चुनाव प्रक्रिया पर विपक्ष सवाल उठा रहा है। खास कर कई सीट पर महाविकास आघाडी के वरिष्ठ नेता भी इस बार चुनाव में अपने गढ़ में हार गए, जिससे विपक्ष बार-बार सत्ताधारी गठबंधन को घेर रहे है।

**याचिका में लगाए कई आरोप**

कांग्रेस उम्मीदवारों द्वारा दायर याचिका में याचिका में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े नियमों का पालन न करने, मतदान प्रतिशत में वृद्धि, फर्जी मतदान, मतदाता सूची में गड़बड़ी और ईवीएम से छेड़छाड़ जैसे 25 मुद्दों को कारण बताया गया है। कांग्रेस नेताओं ने अदालत ने चुनाव को रद्द करने और दोबारा चुनाव कराने की मांग की है। यही नहीं कांग्रेस नेता यशोमति ठाकुर ने मुख्यमंत्री कार्यालय से याचिका को दायर करने से रोकने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

### > धांधली का आरोप लगाते नागपुर बेंच में याचिका की दायर

**इन उम्मीदवारों ने दायर की याचिका**

चुनाव परिणाम के खिलाफ याचिका दायर करने में पूर्व मंत्री और तिउसा विधानसभा सीट से चुनाव हारने वाली यशोमति ठाकुर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने चुनाव लड़े प्रफुल्ल गुडधे पाटिल, राजेंद्र शिंगणे, राजुरा सीट से चुनाव हारे सुभाष धोटे, शेखर शेंडे, बल्लारपुर सीट के संतोष रावत, गिरीश पांडव और सतीश वारजूरकर शामिल है। विधानसभा चुनाव पर आक्षेप उठाते हुए याचिका दाखिल करने का अंतिम दिन सोमवार को है, ऐसे में अब ये देखना होगा कि हाईकोर्ट इस याचिका को स्वीकार करता है या नहीं।

## वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों को लेकर हुआ सम्मेलन

**नागपुर.**

नागपुर शहर के पुलिस भवन स्थित ऑडिटोरियम हॉल में "वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक सम्मेलन, आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जेष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों और कल्याण अधिनियम 2007 के तहत समस्याओं के समाधान और मार्गदर्शन प्रदान करना था। यह आयोजन महाराष्ट्र पुलिस स्थापना सप्ताह 2025 के अंतर्गत किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जेष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और उनके कल्याण को सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल के नेतृत्व में हुई। कार्यक्रम में विशेष रूप से नागपुर शहर के जेष्ठ नागरिकों और जेष्ठ नागरिक मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर एडवोकेट मनिष गुप्ता और उनकी टीम ने जेष्ठ नागरिकों को 'आई-वडीलांचा व जेष्ठ नागरीकांचा निर्वाह व कल्याण अधिनियम 2007' के तहत उनके अधिकारों और कानूनी पहलुओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल ने जेष्ठ नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी या शिकायत हो, तो वे भरोसा सेल नागपुर या नजदीकी पुलिस स्टेशन से सहायता ले सकते हैं। उन्होंने जेष्ठ नागरिकों को हेल्पलाइन नंबर 112 और 100 के बारे में भी जानकारी दी, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में वे पुलिस से मदद प्राप्त कर सकें।

## घर से चोरों ने 4.20 लाख रुपये का माल उड़ाया

**नागपुर.** जरीपटका पुलिस थाना अंतर्गत भीम चौक स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाली एक महिला के बंद घर में सेंधमारी कर चोरों ने नगदी व सोने चांदी के आभूषण सहित करीब 4.20 रूपयों के माल पर हाथ साफ किया। पुलिस ने फिर्यादी, सरस्वती बाबूलाल विश्वकर्मा (60) ई.डब्ल्यू.एस. क्वार्टर नं. 5, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, भिमचौक निवासी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 2 जनवरी रात 12 बजे से 3 जनवरी शाम 3 बजे के बीच की है, फिर्यादी सरस्वती बाबूलाल विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि वह अपनी परिवार के साथ अपनी बेटी के घर गई थीं और अपने घर का मुख्य दरवाजा बंद कर दिया था।

## धंतोली पुलिस थाने में फर्जीवाड़े का मामला दर्ज

**नागपुर.**

धंतोली पुलिस थाने में एक फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है, जिसमें एक फार्मेसी के आईटी हेड ने अपने ही कंपनी के कर्मचारी के खिलाफ दवाइयाँ चोरी करने का आरोप लगाया है। घटना में आरोपी ने फार्मेसी से 5,72,013 रुपये की दवाइयाँ चुराई हैं, जो बाद में सीसीटीवी फुटेज में सामने आईं।

फिर्यादी, लखन पुष्पा राजेन्द्र देवीकर (34 ), जुनी मंगलवारी कुंभारपूरा निवासी यह छत्रपति चौक, वर्धा रोड स्थित न्यू ईरा फार्मेसी के आईटी हेड प्रमुख हैं, उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई कि 26 दिसंबर 2024 को फार्मेसी के स्टॉक का ऑडिट किया जा रहा था, तभी यह पाया गया कि फार्मेसी में 5,72,013 रुपये मूल्य की दवाइयाँ गायब हैं। इस पर फार्मेसी के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें आरोपी आकीब जीमल शेख (26), सेवा सदन बिल्डिंग, गांधीबाग निवासी दवाइयां चोरी करते हुए दिखाई। आकीब शेख फार्मेसी में एक्जीक्युटिव के पद पर कार्यरत था। वह सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में 1 नवंबर 2024 से 26 दिसंबर 2024 तक अलग-अलग कंपनियों की दवाइयाँ चुराते हुए नजर आया। आरोपी ने इस दौरान कई बार फार्मेसी से दवाइयाँ चुराकर अपने साथ ले जाने की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस ने फिर्यादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(4) और 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

## क्रेन चालक ने दुपहिया सवार 2 लोगों को मारी टक्कर

**नागपुर.** नवीन कामठी पुलिस थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक दोपहिया सवार की मौत गई. यह दुर्घटना 03 जनवरी की रात 10:30 बजे के करीब घटित हुई। जानकारी के अनुसार इंद्रकुमार श्यामलाल मगनानी (48) जरिपटका निवासी उनके मित्र सुधीर केशवराव मानवटकर (54) अपनी एक्टिवा मोपेड से भाटिया लॉन से लौट रहे थे। तभी अचानक केन के वाहन चालक ने अपनी गाड़ी को तेज़ गति से चलाते हुए इंद्रकुमार की एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के कारण दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत उप जिला अस्पताल कामठी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुधीर मानवटकर को मृत घोषित कर दिया, जबकि इंद्रकुमार का इलाज जारी है।

## शहर में 'चला जपूया पालकत्व' कार्यक्रम

### पुलिस आयुक्तालय ने किया नाबालिगों के संरक्षण को लेकर विशेष कार्यशाला का

**नागपुर.**

नागपुर शहर में पुलिस आयुक्तालय द्वारा आयोजित "चला जपूया पालकत्व" कार्यक्रम शनिवार को फायर कॉलेज, राजनगर में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य नाबालिग लड़कियों के अपहरण की घटनाओं को रोकना और युवाओं को सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान करना था। यह कार्यक्रम महाराष्ट्र पुलिस स्थापना सप्ताह 2025 के तहत आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र कुमार सिंगल ने की। उन्होंने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में किसी भी गलत कदम से पहले हमें अपने माता-पिता के संघर्ष और उनके द्वारा किए गए बलिदान को समझना चाहिए। हमें अपनी शिक्षा पूरी करने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए, ताकि हमारे किसी भी कार्य से हमारे माता-पिता और समाज का मान न घटे। इस दौरान सह-पुलिस आयुक्त निसार तांबोली ने भी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्तमान में पुलिस स्थापना सप्ताह चल रहा है, और यह कार्यशाला इसके अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और अपनी मेहनत और निष्ठा से सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचें। कार्यशाला में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में सांगली से आए बसंत हंकारे, युवा मार्गदर्शक और समाजप्रेरक ने भी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और इसके नकारात्मक परिणामों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को सावधान किया कि वे सोशल मीडिया का सही तरीके से उपयोग करें और किसी भी झूठे प्रलोभन या भ्रांति का शिकार न बनें। साथ ही, उन्होंने छात्रों को अपने माता-पिता के संघर्ष और उनकी मेहनत को समझते हुए, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया। हंकारे ने आगे कहा, "अगर हम अपने समाज और देश के लिए काम करना चाहते हैं, तो हमें अपने जीवन में महान पुरुषों के आदर्शों का पालन करना चाहिए, जिन्होंने अपने जीवन को समाज के भले के लिए समर्पित किया।"

अधिकारियो सहित शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों आए छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खतरनाक हो सकता है बुटीबोरी उड़ानपुल से यातायात शुरू करना

**नागपुर.** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को बुटीबोरी उड़ानपुल को यातायात के लिए खोलना फिलहाल खतरे से खाली नहीं है। फ्लाईओवर हादसे को लेकर शुक्रवार को वीएनआईटी से रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें कहा गया है कि अगर तुरंत यातायात शुरू किया गया, तो क्षतिग्रस्त हिस्सा गिर सकता है। सुरक्षा को देखते हुए फिलहाल पुल से यातायात शुरू नहीं किया जाएगा। एनएचएआई के सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि यातायात शुरू किया गया, तो पुल का जो हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है, उसके गिरने का खतरा है। पुल का कैंटीलीवर वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त है। इस डैमेज को रिस्टोर करने के लिए अतिरिक्त लोहा लगाकर कंक्रीटिंग की जाएगी।

# लाड़ली बहन योजना को लेकर सियासत तेज

### > विपक्ष ने महिलाओं के साथ बेईमानी का लगाया आरोप
### > बावनकुले का पलटवार, भ्रम फ़ैलाने का आरोप

**नागपुर.**

लाड़ली बहना योजना को लेकर महिला बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे के बयान को लेकर राज्य की सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने महायुति सरकार पर जनता को फंसने और चुनाव जितने के लिए यह योजना लाने का आरोप लगाया। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बयान पर स्पस्टीकरण दिया है। बावनकुले ने कहा कि, गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसने योजना का गलत फायदा लिया उसकी केवल जांच होगी।

महिला बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि, योजना का लाभ अगर किसी गलत व्यक्ति ने लिया और उसके खिलाफ जांच की जाएगी और अगर शिकायत



सही पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। मंत्री के इस बयान पर राज्य की सियासत एक बार फिर गर्मा गई है। कांग्रेस नेता वडेट्टीवार ने बयान को लेकर सरकार पर हमला बोला और कहा कि, महायुति सरकार ने वोट के लिए योजना में कोई मापदंड नहीं था, लेकिन चुनाव बाद अनेक मापदंड लगाकर योजना की लाभार्थी बहनों के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं।

सरकार के निर्णय को महिलाओं के साथ बेईमानी हुए वडेट्टीवार ने कहा कि, "मंत्री का बयान साफ़ है यह केवल वोट के लिए योजना लाइ थी। विवाद बढ़ता देख राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने इसपर सफाई दी। उन्होंने विपक्ष पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि, जिसने योजना का गलत फायदा उठाया उसकी जांच होगी। इसी के साथ यह भी कहा कि, कोई भी योजना बंद नहीं होगी।

बावनकुले ने कहा कि, "कोई भी योजना बंद नहीं होने वाली है। सरकार केवल उन लोगों की जाँच करने वाली है, जिन्होंने योजना का गलत फायदा उठाया है, उनकी केवल जाँच होगी।" वहीं योजना से महिलाओं के नाम काटने के सवाल पर बावनकुले ने इनकार किया है। उन्होंने कहा कि, योजना पहले की तरह चलती रहेगी।

**कांग्रेस हार की मानसिकता से बाहर नहीं निकल रही**

कांग्रेस के आठ उम्मीदवारों ने चुनावी परिणाम के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की और चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए दोबारा चुनाव की मांग की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कांग्रेस पर जनता में भ्रम फ़ैलाने का आरोप लगाया है। बावनकुले ने कहा कि, कांग्रेस अभी तक हार की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाई है, वह कभी ईवीएम तो कभी चुनाव आयोग पर आरोप लगा रही है। अगर वह इससे बाहर निकलेगी और जनता में जाएगी तो उसे ज्यादा फायदा होगा।




CMYK

# हवाओं ने नागपुर शहर में बढ़ाई ठिठुरन

## > न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

**नागपुर.**

उपराजधानी नागपुर में कुछ दिन की राहत के बाद ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। जिले के तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान गिरकर नौ डिग्री सेल्सियस तक पहुच गया। तापमान गिरने के साथ हवाओं ने भी शहर में ठिठूरन बढ़ा दी है। दिन भर चलने वाली हवाओं के कारण लोगों को गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकलना पड़ रहा है।

मौसम विभाग के जारी आंकड़ों के अनुसार, नागपुर का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस माइनस में है। वहीं विदर्भ के अन्य जिलों की



### ऐसा रहा विदर्भ के जिलों का तापमान

अकोला: 11.7 डिग्री सेल्सियस
अमरावती: 11.1 डिग्री सेल्सियस
भंडारा: 14.4 डिग्री सेल्सियस
बुलढाना: 13.4 डिग्री सेल्सियस
गाड़चिरोली: 10.6 डिग्री सेल्सियस
गोंदिया: 9.5 डिग्री सेल्सियस
नागपुर: 9 डिग्री सेल्सियस
वर्धा: 11 डिग्री सेल्सियस
वाशिम: 15.6 डिग्री सेल्सियस
यवतमाल: 11.5 डिग्री सेल्सियस

बात की जाए तो गोंदिया 9.5 डिग्री सेल्सियस के साथ दूसरा सबसे ठंडा जिला रहा। वहीं अन्य जिले की बात करें तो सभी जिलों का न्यूनतम तापमान साढ़े 10 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।

# गरीबनवाज़ उर्स के लिए भालदारपुरा से ज़ायरीनो काफिला रवाना

**नागपुर.**




भालदारपूरा सरकार फाउंडेशन द्वारा उर्से ख़्वाजा के लिये हर वर्ष की तरहा इस वर्ष भी ज़ायरिनो जत्था रवाना हुवा. युवा समाजसेवक राशीद काज़ी द्वारा जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. जिसमे अनेक अनुयाई शामिल रहे. सरकार फाउंडेशन भालदारपूरा की नियाज़ (लंगर )भी अजमेर मे नागपुर वालो का लंगर से प्रसिद्ध है. जिसमे हज़ारो ज़ायरीन दोनों वक्त भोजन करते है. अजमेर मे ख़्वाजा गरीब नवाज़ के आसताने पर चादर चढाई जाती है. महफिल सीमा का आयोजन होता है और देश मे अमन चैन तरक्की खुशहाली के लिये दुआएं मांगी जाती है. राशीद काज़ी ने बताया कि सरकार फाउंडेशन के नीतीन मुन्ना गुप्ता, बाबू खान, कैफी नकवी, वसीम नवाब, बाकि अब्दुल, पप्पू भाई, इल्यास भाई, गुड्डू भाई, मुक्सीद भाई, फ़िरोज़ पठान, शहीद भाई, नबील, अमीन भाई, सोनू, मिलकर एक महीने से तैयारी करते है. दिल्ली गेट अजमेर मे शामियाना सजाकर लाइट की सजावट कर भव्य रूपसे लंगर सेवा प्रदान किया जाता है और सभी लोग मेहनत कर इस आयोजन को सफल बनाते है.

# सावित्रीबाई फुले जयंती पर नवीन बीना बौद्ध विहार में उत्साहपूर्ण आयोजन

**खापरखेड़ा.**

स्थानीय भारतीय बौद्ध महासभा, आम्रपाली व संघमित्रा महिला मंडल तथा राहुल नवयुवक संघ, नवीन बीना के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञानज्योति, आद्य शिक्षिका और प्राचार्या सावित्रीबाई फुले की जयंती (बालिका दिवस) हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत तथागत गौतम बुद्ध, सावित्रीबाई फुले और डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक और सलाहकार समिति के सदस्य लक्ष्मण लांजेवार, तुलशीराम बागड़े, मनोहर गजभिये, कृष्णाजी वासनिक, भैयाजी सोनटक्के, ओमप्रकाश गौरकर, किशोर चव्हाण और अरुण नारनवरे ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जितेंद्र सावजी तागड़े ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की प्रगति के लिए शिक्षा के माध्यम से जो मार्ग प्रशस्त किया, उस पर चलना आज की महिलाओं के लिए जरूरी है।



इस अवसर पर आम्रपाली महिला मंडल की तुलसा गौरकर ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। संघमित्रा महिला मंडल की मालवी नारनवरे ने सावित्रीबाई द्वारा लिखित साहित्य की जानकारी दी। सारिका तागड़े ने कहा कि सावित्रीबाई के प्रयासों के कारण ही महिलाएं आज समाज में अपनी पहचान बना रही हैं। वंदना गणवीर और सुनंदा लांजेवार ने गीतों के माध्यम से सावित्रीबाई को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के कोषाध्यक्ष रविंद्र ढोके, सचिव मुकेश बागड़े, अशोक नारनवरे, अनिल लांजेवार, नरेश डोंगरे और आनंद वासनिक सहित महिला मंडलों की सदस्याएं एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रास्ताविक प्रिया डोंगरे ने किया, सूत्र संचालन मीना नरेश ढोके ने संभाला और आभार प्रकट प्रीति गोलाईत ने किया।

# सावित्रीबाई फुले जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**सावनेर.**

क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर सावनेर में तहसील कार्यालय के प्रांगण6 में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम सावनेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन जैस्वाल और पूर्व नगरसेवक व विरोधी पक्ष नेता सुनील चाफेकर के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद किया गया। उन्होंने देश में पहली कन्या शाला शुरू कर महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की अलख जगाई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन जैस्वाल ने कहा, "हमारे देश और संस्कृति में महिलाओं को हमेशा पूजनीय माना गया है। मध्यकालीन भारत में विदेशी आक्रमणों और ऐतिहासिक उथल-पुथल के कारण महिलाओं पर कई पाबंदियां लगीं। लेकिन सावित्रीबाई फुले ने इन सभी बंधनों को तोड़ते हुए महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया और देश को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं।" वहीं, पूर्व नगरसेवक सुनील चाफेकर ने कहा, "यदि सावित्रीबाई फुले न होतीं तो हमारी माताएं शिक्षित न होतीं और हम भी इस पद-प्रतिष्ठा को नहीं पा सकते थे। सावित्रीबाई ने



न केवल महिलाओं को शिक्षित किया बल्कि उन्हें सशक्त बनाकर समाज में उनका स्थान सुनिश्चित किया। उनकी प्रेरणा से आज महिलाएं राजनीति, खेल और व्यापार के उच्च पदों पर पहुंच रही हैं।"

इस कार्यक्रम में पवन जैस्वाल और सुनील चाफेकर के अलावा युवा समाजसेवी मनोज बसवार, पूर्व नगरसेवक निलेश पटे, दीपक बसवार, अश्विन कारोकार, प्रशांत घोडसे, मनोहर महतपुरे, सारंग चाफेकर, प्रकाश धांडोळे, सुहास चरपे, कार्तिक बनकर, हर्ष घटे, शुभम बनकर, पिंटू सातपुते, सुनील वाढबुधे, प्रमोद वाढी और राहुल आकरे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गौतमनगर में मनाई गई सावित्रीबाई फुले जयंती



**कामठी.**

भारतीय बौद्ध महासभा नागपुर जिला पूर्व, कामठी शहर तथा गौतम नगर शाखा कि ओर से सावित्री बाई फुले की जयंती गौतम बुद्ध विहार गौतम नगर में बढ़े ही उत्साह में मनाई गई. राजू गजभिये तथा महिला मंडळ की ओर से सावित्री बाई के छायाचित्र को माल्यार्पण किया गया. इस कार्यक्रम में गौतम नगर के अनेक नागरिक उपस्थित हुए. कार्यक्रम में एड.सचिन चांदोरकर ने सावित्रीबाई फुले के जीवन के बारे में तथा स्त्री शिक्षा के बारे में जानकारी दी तथा धर्मपाल नागदेवे ने भी मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम के अंत मे सभी उपस्थितो को मिठाई वितरित किया गया.

इस कार्यक्रम में प्रमुखता से एड. सचिन चांदोरकर, अशोक चांदोरकर, राजू गजभिये, धर्मपाल नागदेवे, सुबोध चांदोरकर, अनिरुद्ध तांबे, रमाकांत शेंडे, आयुनि माधुरी गजवे, अरुणा मेश्राम, शोभा दहाट तथा बालक बालिकाएं उपस्थित थी. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने अपना सहभाग दिया.

# विदर्भ की लगातार पांचवीं जीत, यूपी को 8 विकेट से हराया

**नागपुर.**

विजय हजारे ट्रॉफी के रोमांचक मुकाबले में विदर्भ ने उत्तर प्रदेश को 8 विकेट से हराकर अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ विदर्भ ने 20 अंकों के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। टीम का नॉकआउट में पहुंचना लगभग तय है।

उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 307/8 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। उनकी ओर से समीर रिज़वी ने 82 गेंदों पर 105 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 7 छक्के शामिल थे। माधव कौशिक (41), प्रियम गर्ग (34), और शिवम मावी (33) ने भी उपयोगी योगदान दिया। विदर्भ की गेंदबाजी में नचिकेत भूटे सबसे सफल रहे, जिन्होंने 4/65 के आंकड़े दर्ज किए। 307 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ की शुरुआत ठोस रही। सलामी बल्लेबाज यश राठौड़ और ध्रुव शौरी ने 69 गेंदों में 63 रनों की साझेदारी की। शौरी (36) के आउट होने के बाद कप्तान करुण नायर क्रीज पर आए और




यश राठौड़ के साथ मिलकर यूपी के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं।

यश राठौड़ ने नाबाद 138 रनों की पारी खेली, जिसमें 140 गेंदों पर 15 चौके और 1 छक्का शामिल था। वहीं, करुण नायर ने इस टूर्नामेंट में अपना चौथा शतक जड़ते हुए 112 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 228 रनों की साझेदारी हुई। जब करुण नायर आउट हुए, तब जीत के लिए मात्र 17 रन की जरूरत थी। जितेश शर्मा (19*) ने 7 गेंदों में तेजी से रन बनाते हुए छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

**विदर्भ की आगे की राह**

इस जीत से विदर्भ ने ग्रुप डी में अपनी बादशाहत कायम कर ली है। उनका लीग चरण का एक मैच बाकी है, लेकिन टीम की फॉर्म को देखते हुए वे ग्रुप टॉपर के रूप में नॉकआउट में प्रवेश करने के प्रबल दावेदार हैं।

यश राठौड़ को उनकी लाजवाब बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कप्तान करुण नायर ने कहा, "टीम का आत्मविश्वास इस समय चरम पर है। हम नॉकआउट में भी यही लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।"

# क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले को जयंती पर आदरांजलि

**वाड़ी.**

भारतीय बौद्ध महासभा, नागपुर जिला ग्रामीण की ओर से वाड़ी स्थित कार्यालय में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया महिला विंग की अध्यक्ष कुंदाताई धोंगळे ने सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें आदरांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में नागपुर ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेश उके, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर गणविर, और प्रवक्ता डी.



डी. गजभिये उपस्थित रहे। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी जाति-धर्मों की महिलाओं और अस्पृश्य समाज के उत्थान के लिए उनका कार्य प्रेरणादायक है। साथ ही, उनके जीवन चरित्र पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रणजीत राउत, योगेंद्र भालाधरे, प्रकाश चोखांद्रे, सुबोध उके, अमोल कापसे, शेखर पाटिल, आशा चोखांद्रे, उषा उके, मीना धोंगले, प्रगति उके, दशरथ धारगावे, हिरालाल सेन और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सावित्रीबाई फुले के परिधान में विधि ने सभी का मन मोह लिया

**कामठी.**

भारत की पहली महिला शिक्षिका, सामाजिक क्रांति की अग्रदूत एवं नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता, महान समाजसेविका क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की शुक्रवार को जयंती निमित्त रणाला स्थित ताजश्री मनोविकास मतिमंद मुलांची शाला येरखेड़ा-रणाला में हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई गई. इस अवसर पर छात्रा विधि चावला ने सावित्रीबाई फुले के रूप में परिधान पहने जाने से सभी का मन मोह लिया. कार्यक्रम दौरान स्कूल की शिक्षिका गीता मेश्राम, सुषमा शेंडे, मनीषा वाघमारे आदि गणमान्य लोग प्रमुखता से मौजुद रहे.



# सावित्रीबाई फुले के आदर्श को समाज में जड़ने की जरूरत: कुंभारे

**कामठी.**

महात्मा ज्योतिबा फुले और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले ने कठिन परिस्थितियों में बालिका शिक्षा के द्वार खोले और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले ने बालिका विद्यालय में प्रथम शिक्षिका के रूप में एक आदर्श कायम किया, वर्तमान में लड़कियाँ भी लड़कों के साथ शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और सम्मान का स्थान हासिल कर रही हैं. इसलिए क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले के आदर्श को समाज में जड़ने की जरूरत है. उक्त विचार संस्था की अध्यक्षा व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे ने हरदास शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थान द्वारा क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त की.

हरदास शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थान की ओर से क्रांति ज्योति



सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम एड. सुलेखा कुंभारे ने माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया. तत्पश्चात गणमान्य व्यक्तियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में समाजकार्य महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.रूबीना अंसारी, सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज सहायक व्याख्याता प्रा. बोसकर, सहायक पुलिस निरीक्षक येवले प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

इस अवसर पर डॉ.फरहीन कौसर, चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएं, नंदिनी एकनाथ बावनकुले, धनभी रामराव उइके, अरीबा फातमा को 'सावित्री की लेक' के रूप में सम्मानित किया गया. इस अवसर पर डॉ. रूबीना अंसारी, प्रा. बोरकर, पुलिस हेड कांस्टेबल दीप्ति मोटघरे, येवले ने क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के जीवन पर मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम का संचालन विनोद जुमड़े ने तथा प्रस्तावना देवेंद्र जगताप एवं ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या अनवरीन फातिमा ने आभार प्रदर्शन व्यक्त किया.

# क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जयंती पर बालिका दिवस का आयोजन



**सावनेर.**

प्लैनेट आईटी के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के छात्रों द्वारा क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने बालिकाओं को आधुनिक तकनीक की शिक्षा ग्रहण कर कौशल विकास में आगे बढ़ने की सलाह दी। इस आयोजन को सफल बनाने में सुप्रिया चांदेकर, नेहा ढवांगले, प्रचिता सायरे, नम्रता पिंपले, हर्ष पाटिल, तुषार बिसेन, देविका चीपड़े, वेदांती चरपे, संजना वाडबुधे, ईश्वरी लोडेकर, भाग्यश्री चाफेकर, नताशा देशमुख, काजल गहरवार और नम्रता घ्यार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन हर्ष पाटिल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्लैनेट आईटी की समन्वयक गीता गुप्ता ने किया।

# 2024 में पुलिस विभाग ने जमकर की कार्रवाई

## > जुर्माने में वसूले 14.22 करोड़ रुपए

**नागपुर.**

बीते वर्ष नागपुर ट्रैफिक पुलिस ने शहर सहित जिले में जमकर कार्रवाई। पुलिस ने साल भर में विविध मामलो में 1,366,403 लोगों पर कार्रवाई की। इस दौरान 142,279,937 रुपए की वसूली भी की। पिछले साल की तुलना में जुर्माने की राशि में 1.38 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। पुलिस विभाग ने सबसे ज्याद कार्रवाई और जुर्माना हेलमेट नहीं पहनने वाले लोगों से वसूल किया है।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। रॉन्ग साइड ड्राइविंग, सिग्नल जंपिंग, ओवरस्पीडिंग और रैश ड्राइविंग जैसे प्रमुख उल्लंघनों पर



लगातार कार्रवाई जारी है।

साल 2024 में सबसे अधिक जुर्माना बिना हेलमेट वाहन चलाने के मामले में हुआ। 8,92,803 चालकों पर हेलमेट न पहनने के आरोप में कार्रवाई की गई, जो पिछले साल की तुलना में 2,50,148 अधिक हैं। अवैध पार्किंग की समस्या भी बढ़ी है , एक साल में 95,733 वाहन चालकों पर गलत पार्किंग के आरोप में कार्रवाई की गई। इनमें से 1,167 चालकों पर नो पार्किंग जोन में खड़ा करने पर जुर्माना लगाया गया। बिना लाइसेंस वाहन चलाने के मामलों में भी वृद्धि देखी गई। 2024 में 73,653 वाहन चालकों पर बिना लाइसेंस के वाहन चलाने के आरोप में जुर्माना लगाया गया। पुलिस विभाग का कहना है कि इन कार्रवाइयों का मुख्य उद्देश्य सड़क पर सुरक्षा बढ़ाना और नियमों का पालन करवाना है, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही, ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें।इसके साथ ही अन्य उल्लंघन जैसे ट्रिपल सीट, सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, रैश ड्राइविंग, और ब्लैक फिल्म लगाने जैसे मामलों में भी जुर्माना वसूला गया।

# सीआरआई पंप्स ने सोलर पंपिंग सिस्टम में हासिल की उपलब्धि

**नागपुर/मुंबई.**

सीआरआय पंप्स ने अपनी प्रतिबद्धता को स्थिरता और अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल), मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। इस ऑर्डर का मूल्य 754 करोड़ रुपये है और यह "मागेल त्याला सौर कृषी पंप (एमटीएसकेपी)" योजना का हिस्सा है।

इस नियुक्ति के साथ, सीआरआय पंप्स अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा



देने, महाराष्ट्र के कृषि परिदृश्य को सशक्त बनाने और एक हरित एवं अधिक स्थायी भविष्य में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सीआरआय ग्रुप के चेयरमैन श्री जी. सौंदरराजन ने कहा, "हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि एमएसईडीसीएल ने इन सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए हमें चुना है। यह बड़ा ऑर्डर नवाचार और ऊर्जा-कुशल, टिकाऊ पंपिंग समाधानों के विकास में सीआरआय की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताओं, गहन उद्योग विशेषज्ञता और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ, सीआरआय पंप्स इन सिस्टम्स की निर्बाध डिलीवरी और इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करता है। जब विश्व अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा है, सीआरआय पंप्स पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने वाले सौर पंपिंग सिस्टम प्रदान करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है।"

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 270-9 | 148-3 |
| श्रीदेवी नाईट | 588-1 | 389-0 |
| प्रभात | 560-1 | 179-7 |
| प्रभात नाईट | - | - |
| डायमंड | 450-9 | 150-6 |
| मेन बाजार | - | - |
| मिलन डे | 159-5 | 379-9 |
| मेन रतन | 580-3 | 240-6 |
| कल्याण | 178-6 | 337-3 |
| राजधानी डे | 220-4 | 456-5 |
| राजधानी नाईट | - | - |
| कुबेर डे | | |
| डायमंड नाईट | 159-5 | 367-6 |

# हजारों महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण

## दुग्ध उत्पादन से आय बढ़ाने का जिलाधीश नायर ने लिया संकल्प

**गोंदिया.**



जिले की आर्थिक प्रगति कृषि पर आधारित है. लेकिन पशुपालन व्यवसाय भी कृषि के अतिरिक्त व्यवसाय के रूप में किया जाता है. जिले में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण दूध उत्पादन की उपेक्षा की जा रही थी. जिलाधीश प्रजीत नायर ने आने वाले नए साल में किसानों के साथ महिलाओं की आय बढ़ाने का संकल्प लिया है. इसमें जिले के 6 तहसीलों को 5,000 लीटर क्षमता का एक-एक 'मिल्क कूलर' उपलब्ध कराया जाएगा. इसके पीछे उद्देश्य यह है कि तहसील स्थान पर दूध की भंडारण क्षमता को बनाए रखते हुए उनका दूध प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा खरीदा जाए.

और महिलाओं की आर्थिक प्रगति की जाए. एक तहसील में साढ़े सात हजार महिलाएं उस व्यवसाय पर निर्भर होंगी. तिरोड़ा, गोरेगांव, गोंदिया, सड़क अर्जुनी, अर्जुनी मोरगांव, आमगांव इन 6 तहसीलों में 'मिल्क कूलर' स्थापित किया जाएगा. तिरोड़ा स्थित अदानी पावर प्लांट में पांच हजार लीटर का मिल्क कूलर लगाया गया है. किसान अपने दूध को 'मिल्क कूलर' में संग्रहित कर पा रहे हैं, इससे दुग्ध उत्पादक किसानों और स्व- सहायता समूहों की महिलाओं का आर्थिक उत्थान हो रहा है. यह प्रोजेक्ट तिरोड़ा में शुरू हो चुका है और जल्द ही इसे पूरे जिले में लागू किया जाएगा.

### महिलाओं की आर्थिक प्रगति की जाए

1,200 किसान चारा उगाएंगे : गर्मी में पशुओं को हरा चारा मिल सके, इसके लिए जिले के 1,200 किसान मक्का लगाने जा रहे हैं. इससे प्राप्त चारा यदि गर्मियों में दुधारू पशुओं को दिया जाए तो दूध का उत्पादन अधिक होगा तथा दूध में वसा भी अधिक होगी.

## डाकघर में गंगाजल की सुविधा

**गोंदिया.** सनातन धर्म में हर शुभ कार्य के लिए गंगाजल काफी महत्वपूर्ण होता है. सभी लोगों के लिए धार्मिक कार्यों में उपयोग किए जाने वाले गंगाजल की मांग हमेशा बनी रहती है. सभी लोग उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड जाकर गंगाजल नहीं ला पाते हैं. वहां से गंगाजल लाने में समय और पैसा भी लगता है. इन सभी कठिनाई को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने गंगाजल उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है. गोंदिया जिले में मुख्य डाक कार्यालय में शहर के लोगों को गंगाजल उपलब्ध करवाया जा रहा है. गंगाजल का उपयोग विविध धार्मिक कार्यक्रमों में किया जाता है. जो लोग गंगोत्री या ऋषिकेश जाते हैं वे लोग बोतलों में भरकर गंगाजल ले आते हैं. लोगों को तकलीफ ना हो और गंगाजल उपलब्ध हो जाए इसके लिए भारतीय डाक विभाग ने मुख्य डाक कार्यालय में गंगाजल उपलब्ध करवाया है.

# विधायक प्रवीण तायडे के खिलाफ एफआईआर की हुई मांग

> पूर्व मंत्री कडू पर अपमानजनक शब्दों से प्रहार

**बिरसीफाटा/तिरोड़ा.**



भाजपा के अचलपूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रवीण तायडे द्वारा प्रहार जनशक्ति पार्टी के प्रमुख व पूर्व मंत्री बच्चू कडू पर की गई अपमान जनक शब्दों से प्रहार कार्यकर्ता आहत हुए हैं. जिसके लिए गोंदिया जिले के प्रहार जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष महेंद्र भांडारकर, जिला सचिव महेंद्र नंदागवली, गट प्रमुख रुपेश वासनिक, खोपडा ग्राम के उपसरपंच महेंद्र भुरे, दांडेगाव के शाखा प्रमुख दयालसिंह इडपाची व कार्यकर्ताओं ने पुलिस निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए विधायक तायडे के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग की हैं.

30 दिसंबर को श्री क्षेत्र बहिरम में भाषण देते समय विधायक तायडे ने बच्चू कडू पर झूठा आरोप लगाते हुए उन्हें पीटने की धमकी दी व अपमान जनक शब्दों का इस्तेमाल करने से कार्यकर्ताओं की भावना आहत हुई हैं. ऐसा निवेदन में उल्लेख किया गया है.

बहिरम यात्रा में विधायक तायडे के होर्डिंग का अपमान इसमें प्रहार के कार्यकर्ता और ना ही बच्चू कडू का किसी भी प्रकार का लेना देना नहीं होने पर भी तायडे द्वारा आरोप लगाया जा रहा है जो निंदनीय हैं.

ऐसे कृत्य करने वाले विधायक तायडे पर तुरंत मामला दर्ज करने की मांग प्रहार जनशक्ति पार्टी द्वारा की गई है.

# साईं प्रतिष्ठान शिव महापुराण कथा का समापन

**हिंगनघाट.**




साई प्रतिष्ठान हिंगणघाट द्वारा आयोजित संत साईबाबा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठापना दिन तसेच राजयोगी संत लक्ष्मी माताजी की पुण्यतिथी निमित्त श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन साई मंदिर नंदोरी रोड यहां किया गया। कथा भागवत्ताचार्य देवी मंजूलता (अयोध्या) की ओजस्वी वाणी से श्रोताओ को श्री शिव महापुराण कथा महत्व कथन किया। शिव महापुराण भगवान शंकर और उनके अवतार से संबंधित है। शिव भक्ती, शिव महिमा और शिव के संपूर्ण जीवन चरित्र का वर्णन उन्होंने किया। इसी के साथ ज्ञान, मोक्ष, उपवास, तप, जप से मिलने वाले फल का महत्व बताया।

महाप्रसाद के साथ शिव महापूराण कथा का समापन हुआ। इस कार्यक्रम के सफलतार्थ साई प्रतिष्ठान के अध्यक्ष योगेश्वर महाराज, सचिव अतुल वांदिले, प्रा.किशोर शेंगोकार, वामनराव गिरी, चावट सर, कुकडे सर, अविनाश बुरीले, संजय हावगे, दविले सर, भाऊराव कोटकर, रमेश गोहाडे, शंकर देशमुख, मधुकर खडसे, राजू सिन्हा, प्रदीप चव्हाण, विजय राडे, किशोर गोठे, प्रकाश रघाटाटे आदीं ने सहकार्य किया।

# सेफ्टी माह का ओपनिंग सेरेमनी कार्यक्रम 31 तक

**हिंगनघाट.**



एनएचआईटी के तरफ से दारोडा टोल प्लाजा पर 31 जनवरी तक चलने वाला रोड सेफ्टी माह का ओपनिंग सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत मान्यवर के हातो से रीविन काटकर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम मे रोड के बारे मे बताया गया रोड से चलते समय क्या सुरक्षा उपाययोजना करना चाहिए ये सभी बातें सभी मान्यवर की ओर से बताया गये, शुरुवात मे कार्यक्रम मे सभी मान्यवर ने रोड सेफ्टी सुरक्षा के बारे मे अनमोल ऐसे विचार व्यक्त कीये गये रोड से चलने वाले दो चक्का वाहन और चार चक्के वाहन को रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाकर रोड सेफ्टी से चलने के लिए बताया गया,

गुलाब फुल देकर और सुरक्षा पॉम्प्लेट देकर स्वागत किया गया,सभी टोल कर्मचारी की और से स्वाक्षरी बोर्ड पर स्वाक्षरी करते हुए सुरक्षा माहा को अवलोकन करणे की गवाही देते हुए सभी कर्मचारी ने स्वाक्षरी की, इस कार्यक्रम को सुरुवात सेफ्टी के बारे मे बताते हुए संचालन सेफ्टी मॅनेजर निखिल पांडा सर ने किया, कार्यक्रम मे उपस्थित वडनेर पुलिस स्टेशन के पीएसआई यशवंत गोहत्रे सर, पीएमपीएल कॉर्डिनेटर नरेश वडेट्टीवार सर, दारोडा केलपूर प्रोजेक्ट मॅनेजर बाला गणेश, केलपूर टोल मैनेजर नीरज रमीयानी सर, कॉरिडोर मॅनेजर कोंडलराव सर,मेंटेनन्स मॅनेजर राहुल सिंह सर,इन सभी मान्यवर की उपस्थिति मे सेफ्टी माहा कार्यक्रम की सुरुवात की गई, और इस सुरक्षा माह के बीच कोण कोण से कार्यक्रम लिये जाएँगे ये बताये गये,कार्यक्रम के अंतिम सुरक्षा के लिये शपथ विधि ली गई.

# जरूरतमंदों को कंबल और मिठाई का वितरण

**हिंगनघाट.**



शहर की गलियों में, खाली जगहों के सहारे रात में ठंड में कांपते गरीब, बेघर और जरूरतमंदों को 30 गर्म कंबल वितरित किए गए। यह उपक्रम मित्र परिवार द्वारा, दिलदार और मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले सुनील रिठे की कल्पना से शहर में घूमकर अमल में लाया गया। शहर के अनेक बेघर और निराधार लोग दिनभर पेट के लिए भटकते हैं और रात को निवारा के लिए मंदिर परिसर, रेलवे स्टेशन, बस स्थानक का सहारा लेते हैं। रोजी-रोटी के लिए घर छोड़कर, सिर पर छप्पर नहीं होने और ठंड में कांपने वालों के लिए कुछ तो भी करने की भावना से सुनील रिठे का यह उपक्रम नए वर्ष के अवसर पर शहर में चलाया जा रहा है।

शहर की सड़कों पर, फुटपाथ पर सोते वक्त कांपते गरीब और जरूरतमंदों को कंबल दिए गए।

इस अवसर पर पियुष मस्के, उमाकांत रिठे, निलेश सावंकार, विकास भुते, सतीश गौलकार आदि उपस्थित थे। रास्ते पर, दुकान के आड़ में कांपते लोगों को मदद करने वाले दानशील सुनील रिठे ने कंबल वितरण का निर्णय लिया। गर्म कंबल मिलने से इन गरीब और जरूरतमंदों के चेहरों पर आशीर्वाद का भाव था, जो ठंड से बचाव का एक अप्रत्याशित और दिल को छूने वाला समाधान साबित हुआ।

# माहेश्वरी गिरडे को काउंसिल के लिए चुना गया

**समुद्रपुर.**



तहसील के एक साधारण कृषक परिवार से आने वाली माहेश्वरी गिरडे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम बनाया है। उन्हें ग्लोबल एंटरप्रेन्यूअरशिप कॉन्क्लेव्ह 2025 के लिए चुना गया है, जो 10 और 11 जनवरी 2025 को पुणे के 5-स्टार होटल ऑर्किड में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन की खास बात यह है कि 30 से अधिक देशों के प्रसिद्ध उद्यमी, हार्वर्ड और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों के साथ-साथ विश्व स्तरीय प्रतिष्ठित हस्तियां इसका मार्गदर्शन करेंगी। माहेश्वरी का नेतृत्व और उद्यमशीलता दृष्टिकोण इस सफलता में प्रमुख कारक रहे हैं।

इस किसान की बेटी ने बहुत ही कम उम्र में मशहूर उद्यमियों के लिए इस मंच पर अपना नाम बनाने का काम किया है। माहेश्वरी फिलहाल पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज में पढ़ रही हैं और उन्होंने इस मंच पर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अपने विचार पेश किए हैं। उनके नेतृत्व कौशल और साक्षात्कार में प्रभावशाली प्रस्तुति ने उन्हें इस सम्मेलन के लिए चुना है। इस सम्मेलन में अग्रणी मार्गदर्शकों में डॉ. रघुनाथ माशेलकर, ललित शिंदे (सिंगापुर), अश्विनी कक्कड़ (ऑक्सफोर्ड), डॉ. इसमें विजय जोशी (यूके), चक्र गांधी (यूएसए) और मार्टिन मेयर जैसे दिग्गज शामिल हैं। माहेश्वरी गिरडे की प्रगति और सफलता गाँव के लिए प्रेरणा और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए एक नई दिशा है।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती उत्साह से मनाई

हिंगनघाट. क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले की जयंती राष्ट्रवादी महिला काँग्रेस शरदचंद्र पवार पार्टी द्वारा सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पण करके मनाई गई। राष्ट्रवादी के प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले, महिला जिल्हाध्यक्ष ज्योती देशमुख के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। सावित्रीबाई फुले ये पहिली भारतीय महिला शिक्षिका और समाज सुधारक थी। उनका विश्वास था कि, शिक्षण ये नैराश्य ग्रस्त वर्ग को सक्षम बनाने और महिला यो को समाज के अन्य पुरुषों के साथ समानता से खड़ा करने का एकमेव माध्यम है।



और इसी विश्वास से उन्होंने तत्कालीन समाज व्यवस्था का प्रखर रोष स्वीकार कर स्त्रियों को शिक्षित किया, ऐसे विचार शहर कार्याध्यक्षा सीमा तिवारी ने व्यक्त किए। सावित्रीबाई फुले के जयंती दिन पर आयोजित अभिवादन कार्यक्रम में वे बोल रही थी।

सावित्रीबाई फुलें ने शिक्षण और साक्षरता क्षेत्र में महिलाओं की उन्नति के लिए शिक्षण की क्रांतिकारक ज्योत जलाई। जिस वजह से स्त्री विविध क्षेत्र में प्रगति कर रही है, ऐसे विचार विधानसभा उपाध्यक्ष विद्या गिरी ने व्यक्त किए। इस वक्त राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस के शहर कार्याध्यक्ष सीमा तिवारी, जिल्हा सरचिटणीस सुजाता जांभूलकर, जिला उपाध्यक्षा मिना सोनटक्के, विधानसभा उपाध्यक्ष विद्या गिरी, शहर उपाध्यक्षा दिपाली रंगारी, शहर सरचिटणीस सविता गिरी, ओबीसी शहराध्यक्ष आचल वकील, नालंदा राऊत आदी उपस्थित थे।

# स्कूल में स्लैब ढहा, छात्र घायल

## साईटोला में खतरनाक हुई इमारत में नहीं बैठेंगे छात्र

**गोरेगांव.**

तहसील के हीरापुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले साईटोला जिप शाला में 2 जनवरी को जर्जर इमारत की छत से स्लैब का टुकड़ा एक छात्र के सिर पर आ गिरा जिसमें वह बालक बाल-बाल बच गया.

ऐसे में शाला व्यवस्थापन समिति व पालक वर्गों ने खतरनाक बन रही इमारत में छात्रों को नहीं बैठने का निर्णय लिया है. यहां 3 जनवरी को पंचायत समिति गट विकास अधिकारी हेमराज गौतम, गुट शिक्षा अधिकारी एम.डी. पारधी, शाला व्यवस्थापन समिति अध्यक्ष राजेश रहांगडाले तथा पूर्व सरपंच विजय बिसेन की उपस्थिति में साईटोला जिप शाला की जर्जर इमारत को ताला जड़ दिया गया है.

ऐसी स्थिति में छात्रों को बाहर परिसर में बैठकर शिक्षक लेना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर तहसील में जिला परिषद की अधिकतर शाला इमारतें कभी भी ढह जाने की स्थिति में है जो छात्रों के लिए खतरनाक बन रही है लेकिन जिला परिषद शिक्षा विभाग निधि का रोना रो रहा है जिसके चलते इस विषय पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

# मजदूरी न मिलने से आर्थिक संकट गहराया

> ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के काम शुरू

**गोंदिया.**

वैसे तो महाराष्ट्र ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना रोजगार की दृष्टि से एक महत्वाकांक्षी योजना है, लेकिन सरकार और प्रशासन की अक्षमता के कारण यही योजना अब मजदूर वर्ग के लिए आफत बन गई है. रोगायो के मजदूरों को कई दिनों और महीनों तक भी मजदूरी नहीं मिलने के कारण वे आर्थिक संकट में दिन गुजार रहे हैं. आज या कल मजदूरी मिलने की आस में जीवन गुजार रहे मजदूरों को कर्ज से जूझना पड़ रहा है. मजदूरों को गांव में ही काम मिले और मजदूरों को रोजगार के लिए पलायन न करना पड़े, इसी सोच के साथ महाराष्ट्र ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत की गई थी. रोजगार की दृष्टि से यह योजना महत्वाकांक्षी हो गई है. लेकिन, सरकार व प्रशासन की अक्षमता के कारण यह योजना आफत बन रही है. तिरोड़ा तहसील में कुल 95 ग्राम पंचायतें हैं और 10 से 15 ग्राम पंचायतों में पगडंडी मार्ग, तालाब गहराईकरण, नाली सरलीकरण, पौधारोपण, मवेशियों के गोठे आदि कार्य चल रहे हैं. इन कार्यों पर बड़ी संख्या में मजदूर काम करते हैं. लेकिन, महीनों काम करने के बाद भी मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है.

**ध्यान आकर्षित करने के बावजूद कार्यवाही ठंडी**

हाल ही में शीतकालीन सत्र में गोंदिया जिले के एक विधायक ने राज्य सरकार का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया था कि रोगायो के कुशल और अकुशल कार्य के लिए निधि बकाया है. हालांकि शीतकालीन सत्र खत्म होने के करीब एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है. निधि न मिलने से प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी भी हताश हो गए हैं. वर्तमान में तिरोड़ा तहसील में अकुशल श्रमिकों का 1 करोड़ 5 लाख रु. बकाया है. वहीं इस योजना के तहत चल रहे सड़क सीमेंटीकरण, रोड़ गिट्टीकरण, नाली निर्माण, मवेशियों के गोठों के कार्य के सरकार पर 6 करोड़ 55 लाख रु. का निधि बकाया है. इसके अलावा 1 लाख 50 हजार रु. प्रशासनिक खर्च का बकाया है. इसके चलते तिरोड़ा तहसील के मजदूरों के लिए यह योजना आर्थिक समस्या बनने लगी है. मजदूर आज या कल में मजदूरी मिलने की आस में कर्ज से दैनिक जीवन के लिए उपयोगी सामग्री खरीदकर जीवन यापन कर रहे हैं. परिणामस्वरूप यह योजना तिरोड़ा तहसील के मजदूरों को कर्जदार बना रही है.

# गतिरोधकों से कब मिलेगी मुक्ति

**गोंदिया.**

रास्तों पर यातायात की गति नियंत्रित रहें रहें और कोई भी हादसा न हों, इसलिए रास्तों पर गतिरोधक बनाए जाते है. लेकिन लोगों की सुविधाओं के लिए बनाए गए यह गतिरोधक कभी-कभी तकलीफदेह भी बन जाते है. शहर में जगह-जगह नियमों को ताक पर रखकर बनाए गए गतिरोधक वाहन चालकों के लिए मुसिबत बन गई है. इन गतिरोधकों के कारण कई बीमारियों को निमंत्रण मिल रहा है. उल्लेखनीय है कि, जहां स्कूल- कॉलेज, अस्पताल, मंदिर या सार्वजनिक ठिकानों, चौराहों पर गतिरोधक बनाना जरुरी है. लेकिन इस समय शहर के हर गल्ली-मुहल्लों में गतिरोधक बनाए गए है - और वह भी नियमों की अनदेखी करते हुए. गतिरोधक की उंचाई, चौड़ाई के संदर्भ - में मापदंड निश्चित है. लेकिन शहर में बनाए - गए कई गतिरोधकों के संदर्भ में इन - मापदंडों की अनदेखी की गई है. साथ ही दो गतिरोधकों में नियमों के तहत जितना - अंतर होना चाहिए, उस नियम को भी तोड़ा गया है. कुछ जगहों पर केवल 10-20 - फीट की दूरी पर गतिरोधक बनाए गए है.

गतिरोधकों से कमर, पीठ तथा गर्दन में परेशानी कई बार वाहन चालकों का वाहनों से नियंत्रण छूट जाता है.

# जलकुंभी से तालाब का अस्तित्व खतरे में

> बैस ने प्रशासन से सौंदयीकरण कर संवर्धन कराने की मांग की



**सालेकसा.**

सालेकसा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आमगांव खुर्द के भागों के तालाबों का गहराईकरण व सौंदयीकरण कर संवर्धन किए जाने की मांग का निवेदन पूर्व ग्रापं सदस्य ब्रजभूषण बैस ने नगर पंचायत प्रशासन से की है. सालेकसा नगर पंचायत क्षेत्र के आमगांव खुर्द का बड़ा तालाब देखरेख के अभाव में संकट में आ गया है. तालाब में बारिश के समय आनेवाला संपूर्ण पानी तालाब में जाकर जमा होता था. इससे आमगांव खुर्द के भागों में पानी का स्तर हमेशा अधिकतम रहता था. लेकिन वर्तमान में देखरेख के अभाव, संवर्धन व तालाब में जलकुंभी जैसी वनस्पति बढ़ जाने से तालाब का अस्तित्व खतरे में आ गया है.

### तालाब की दुरुस्ती व रखरखाव जल्द से जल्द करने की मांग

आमगांव खुर्द में पहले ग्राम पंचायत होने से तालाब का गहराईकरण मनरेगा अंतर्गत किया गया था. लेकिन नगर पंचायत की स्थापना होने से तालाब की दुरुस्ती व रखरखाव की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है. तालाब की दुरुस्ती व रखरखाव जल्द से जल्द करने की मांग ग्राम पंचायत सदस्य ब्रजभूषण बैस ने नगर पंचायत मुख्याधकारी व प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर की है.

## मालकीयत जमीन जबरन हड़पने का आरोप

**सालेकसा.** सालेकसा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लटोरी में भूमापन क्र. 243/1/ब ग्राम पंचायत नमूना 8 मालमता क्र. 726 से प्राप्त हक से मेरी जमीन जिसका दस्तावेज क्र. 33535/1971 रामेश्वर नारु नवगोड़े के नाम से रजिस्टर्ड है. जिसमें मैं निर्माण कार्य करने के लिए जाने पर गांव के ही पोषणदास खुमानदास निमावत व उनके पुत्र ने यह जमीन मेरी है यहां से आप निकल जाओ नहीं तो जान से मारने की धमकी दिया इस विषय को लेकर मैं ग्राम की विवादमुक्त समिति में जाने पर समिति के लोगों ने सभी कागजाद की जांच करने पर जमीन मेरी होने का दावा किया तथा पोषणदास निमावत को समझाने पर भी अपनी बात पर अडिग रहा तथा समिति के लोगों की बात ना मानकर अपनी दादागिरी पर उतर आया तथा समिति की बात को उसने नजरअंदाज कर दिया.

# हेल्मेट बाइक रैली का आयोजन

**वर्धा.**



शुक्रवार को उप क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय वर्धा एवं यातायात नियंत्रण शाखा हिंगनघाट के सहयोग से सड़क सुरक्षा मिशन 2025 के अंतर्गत हेलमेट बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के उपयोग के प्रति जन जागरूकता फैलाना था। बाइक रैली में करीब 60 वाहन चालक शामिल हुए।

यह रैली रेस्ट हाउस हिंगनघाट से तुकडोजी पुतला, कारंजा रोड, अंबेडकर पुतला और वापस रेस्ट हाउस तक निकाली गई। रैली के बाद सभी नागरिकों को सड़क सुरक्षा के महत्व पर एक महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाया गया।

इस अवसर पर उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी स्नेहा मेढे और सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मेघल अनासने के मार्गदर्शन में सहायक मोटर वाहन निरीक्षक विशाल भगत, चालक सुबोध तायडे और विक्की सातपुते सहित बालू किटकुले, यातायात नियंत्रण शाखा के पीएसआई भारत वर्मा, एएसआई संजय त्रिपाठी, पुलिस नाइक गाजू कामठाणे, स्वप्निल निंदाने, हिंगनघाट ड्राइविंग स्कूल के निदेशक राजेश घोडे, विजय तामगाडगे और सुरेंद्र आग्रे ने योगदान दिया।

यह आयोजन सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# हाइड्रोसिल शल्यक्रिया में 5 निजी अस्पताल

## राष्ट्रीय कीट नियंत्रण के तहत हाथी रोग उन्मूलन अभियान

**गोंदिया.**

राष्ट्रीय कीट नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हाथी उन्मूलन अभियान के अनुरूप आयुष्मान भारत योजना के तहत हाइड्रोसिल की शल्यक्रिया निशुल्क की जाएगी. उसके लिए सरकारी अस्पतालों के साथ 5 निजी अस्पतालों को भी शामिल किया गया है. आयुष्मान भारत योजना या प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 2018 में शुरू की गई एक केंद्र सरकार प्रायोजित योजना है. इस योजना में केंद्र सरकार गरीब परिवारों और शहरी गरीबों के परिवारों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है. इसके जरिए अस्पताल में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराया जा सकता है. इसके लिए आवश्यक योग्यताएं निर्धारित की गई हैं. हाथी रोग एक दुर्लक्षित बीमारी है. जिसमें हाथी पांव व अंडवृद्धि के लक्षण होते हैं.

अंडवृद्धि के लिए अस्पताल में शल्यक्रिया कराने से इस रोग की तीव्रता को निश्चित रूप से कम किया जा सकता है. जिले में 562 अंडवृद्धि मरीजों का पंजीकरण किया गया है और 100 प्रतिशत रोगियों की आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों में मुफ्त शल्य क्रिया की जाएगी.



### अस्पतालों में मुफ्त शल्य क्रिया की जाएगी

महात्मा जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा के जरिए पांच लाख तक का उपचार मुफ्त मिलता है. सभी कम उम्र के मरीज पहले मापदंड के अनुसार आयुष्मान भारत कार्ड लेकर किसी भी नजदीकी मान्यता प्राप्त अस्पताल में अपनी इच्छानुसार शल्यक्रिया करा सकेंगे.

# स्वच्छता अभियान को ग्रामवासियों का प्रतिसाद





**रामटेक.** तहसील के चोखला में ग्राम परमपिता परमेश्वर के वार्षिक मिलन उत्सव भगवान के चरणों में शीश नवाकर नए साल की शुरुआत की गई, वर्षों से चली आ रही इस उत्सव परंपरा को हर्षोल्लास के माहौल में मनाया गया. इस नववर्ष के उपलक्ष्य में भव्य परमात्मा एक रैली का आयोजन किया गया। उससे एक दिन पहले साल के आखिरी दिन ग्राम स्वच्छता अभियान अभियान चलाया गया था. साथ ही पूरे गांव में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर लोक जागृति मोर्चा अध्यक्ष कामिनी हटवार, रामेश्वर हटवार उपसरपंच परमात्मा एक मंडल सेवक विनोद हटवार, शंकर मेहर, जयराम हटवार, नंदलाल हटवार, राहुल पिसे, उमेश हटवार आदि लोग उपस्थित थे।

बालचंद हटवार, राजू हटवार, माधोराव हटवार, रोशन वैरागड़े, मधु पिसे, ज्ञानेश्वर पिसे, सुनील वैरागड़े, पेमा हटवार, दीपाली हटवार, नंदा मेहर, उषा मेहर, वर्षा हटवार, आम्रपाली शेंडे, मंगला मेहर, जयश्री हटवार, जयश्री कृपाण, निशा पिसे, विमल शेंडे, कविता हटवार, शारदा हटवार, पायल वैरागड़े, अर्चना वैरागड़े, शेवंती हटवार, अर्चना वैरागड़े, शोभा हटवार, मीनाक्षी पिसे, मुन्नी हटवार, अश्विनी हटवार, शोभा हटवार में किसनाबाई वैरागा, सर्व परमात्मा, सेवक मंडल एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सावित्रीबाई फुले का कार्यालय में अभिनंदन



**भंडारा.** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, भारतीय महिला मुक्ति आंदोलन की प्रणेता क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती समाहरणालय में मनाई गयी. कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. संजय कोलते, रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर स्मिता बेलपत्रे, डिप्टी कलेक्टर लीना फाल्के ने सावित्रीबाई फुले की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित की.

# संभाजीनगर में दो गुटों के बिच घमासान!

## युवती से बात करने से उपजा विवाद



**दिग्रस.** स्थानीय छत्रपती संभाजीनगर परिसर में दो गुटों में बेछुट मारपीट की घटना सामने आयी है. इस घमासान में 6 लोग बूरी तरह जख्मी हुए है. सूत्रों के अनुसार एक युवती से बात करने के कारण उपरोक्त विवाद उत्पन्न हुआ. प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जनवरी 2025 को रात करीब 9 बजे यह घटना सामने आयी. दिग्रस छत्रपती संभाजीनगर निवासी संकेत शिवाजी सालुंके (उम्र -20) अपने भाई के साथ घर के सामने बैठा हुआ था इस दौरान शाहपुरा निवासी सोहेल पठाण (उम्र-24), आदम शहा तथा 2 अज्ञात व्यक्ति घर के सामने से जा रहे थे.

इस दौरान एक युवती से बात करने से विवाद उपजा और फिर विवाद बढ़ने से मारपीट शुरु हुई. जिसमे प्रथम सालुंके, सुषमा भोसले, किशोर सालुंके को हाथौडी से मार कर जख्मी किया गया. वहीं किरण सालुंके और नंदिनी सालुंके के साथ भी मारपीट और गाली गलौज किए जाने की शिकायत दिग्रस पुलीस थाने में दर्ज की गयी है. शिकायतकर्ता संकेत सालुंके द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार सोहेल पठाण, आदम शहा सहित 2 अज्ञात लोगों पर 118 (1), 115, 352, 3, 51 (2), 351 (3) 3, (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है. पथराव और मारपीट की इस घटना के मद्देनजर पुलीस निरीक्षक सेवानंद वानखडे ने दंगा नियंत्रण दस्ते को घटनास्थल पर तैनात कर दिया है. इस घटना में जख्मी हुए लोगों को दिग्रस ग्रामीण अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद यवतमाल के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल किया गया है. पुलीस निरीक्षक सेवानंद वानखडे के मार्गदर्शन में आगे की जांच केशव चव्हाण और रवींद्र मोरलेवार कर रहे है

# विजय चौरे ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**सौंसर.**



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पलासपानी में क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे द्वारा विधायक निधि से प्रदत्त विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन किए गए। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे ने विधिवत पूजा अर्चना कर निम्नलिखित विकास कार्यों का भूमिपूजन किया. ग्राम पलासपानी में बड़ा देव के पास अतिरिक्त निर्माण कार्य: लागत राशि 1 लाख रुपए दरगाह के पास रंगमंच निर्माण कार्य: लागत राशि 1 लाख रुपए इसके बाद, विधायक विजय चौरे ने ग्राम पलासपानी स्थित यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया, जिसकी लागत राशि 2 लाख 70 हजार रुपए थी। साथ ही, ग्राम पंचायत जोबनी के घोघरी में नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय का भी रिबन काटकर लोकार्पण किया, जिसकी लागत राशि 2 लाख 70 हजार रुपए थी। इस कार्यक्रम में विधायक विजय चौरे के साथ-साथ पुनाराम बाविस्टाले, डॉ. राजेंद्र येमदे, चंद्रशेखर गुर्वे, प्रकाश हनवते, उमाजी पोपटे, राजू सोमकुवर, निरंजन बागड़े, राजेश बागड़े, दिलीप सोमकुवर, गोमा उइके, संदीप लोणारे, भाऊराव सोमकुवर, अजय कोडापे, चरण धुर्वे, हरिश्चंद्र बनसोड, सूरज बागड़े और समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# दिग्रस पुलिस ने जब्त किया प्रतिबंधित नायलॉन मांजा



**दिग्रस.** पड़गिलवार ले आउट में स्थित एक दुकान पर धाड़ मारकर दिग्रस पुलीस ने प्रतिबंधित मांजा जब्त कर इसकी बिक्री करनेवाले संबंधित दुकानदार पर मामला दर्ज कर लिया है. शहर के पडगीलवार लेआऊट में स्थित तेजस किराणा दुकान में प्रतिबंधित नायलॉन मांजा धड़ल्ले से बेचे जाने की जानकारी हाथ लगते ही दिग्रस पुलीस ने तेजस किराणा दुकान पर धाड मार कर उस दुकान से नायलॉन मांजे की 13 रील रील बरामद की इस कारावाई में कुल 3 हजार 900 रुपए कीमत का माल पुलीस के हाथ लगा है. इस प्रकरण में पुलीस ने शिकायतकर्ता पीएसआई महेश देशमुख की शिकायत पर मांजा बेचनेवाले दुकानदार विजय तानाजी बोडगे (उम्र -36) के खिलाफ धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया है. इस मामले में आगे की जांच थानेदार सेवानंद वानखडे इनके मार्गदर्शन में रवींद्र जगताप कर रहे है.

# सारथी ने युवाओं के लिए निःशुल्क मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण

## आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च

**भंडारा.**

'छत्रपति शाहू महाराज अनुसंधान प्रशिक्षण और मानव विकास संस्थान', (सारथी) पुणे पुणे और सतारा में प्रशिक्षण संस्थानों में कुनबी-मराठा लक्ष्य समूह के युवाओं के लिए मुफ्त मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्रदान करेगा और आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है। इस पहल के तहत, मराठा, कुनबी, कुनबी-मराठा, मराठा-कुनबी के लक्षित समूह के किसानों, युवाओं और युवाओं को केंद्रीय मधुमक्खी अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान, शिवाजी नगर पुणे और हनी निदेशालय, महाबलेश्वर सतारा के माध्यम से मुफ्त मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सारथी की लागत. उक्त पहल के तहत योग्य उम्मीदवारों को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 31 मार्च 2025 शाम 6.15 बजे तक आवेदन करने की अंतिम तिथि दी गई है। और लक्ष्य समूह के अधिक से अधिक युवाओं से इस गतिविधि में भाग लेने के अवसर का लाभ उठाने की अपील की जाती है। नागपुर सारथी के उप प्रबंध निदेशक एवं उपविभागीय अधिकारी सुरेश बागले ने किया.

# पुलिस ने 8 अवैध शराब विक्रेताओं पर की कार्रवाई

**गोंदिया.**



गोंदिया जिला पुलिस विभाग ने अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है. अलग-अलग पुलिस थाने के तहत आनेवाले गांवों में हाथभट्टी सहित देशी-विदेशी शराब को रखने व बेचने के मामलों में कार्रवाई की जा रही है व अवैध शराब को जब्त किया जा रहा है. गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने नववर्ष के पहले दिन 3 कार्रवाई करते हुए अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है. सर्वप्रथम गणखैराटोला निवासी आरोपी डिगंबर रमेश बडोले (28) के पास से पुलिस ने 4 हजार रु. के माल को जब्त किया है. इसी प्रकार गणखैरा निवासी राहुल गोकुलदास शहारे (40) के पास से 6 हजार रु. का माल, आसोली निवासी शैलेश खुपचंद गजभिये (49) के पास से 5 हजार रु. का माल जब्त किया है. इसी प्रकार गोरेगांव पुलिस ने कुरहाड़ी निवासी राजेशकुमार सूरजलाल येरणे (38) के पास से 4 हजार रु. की शराब, बाजारटोला/चोपा निवासी नेतराम केवलसाव बिजेवार (51) के पास से 350 रु. की शराब जब्त की है. दवनीवाड़ा पुलिस ने फोनटोली निवासी निर्मला लखनलाल लिल्हारे (55) के पास से 1 हजार रु. की अवैध शराब जब्त की है. गोंदिया शहर पुलिस ने संजयनगर बंडू चौक निवासी रुबी गुलाब चंद्रीकापुरे (39) के पास से 2 हजार रु. की अवैध शराब व रामनगर पुलिस ने साईं पेठ कुड़वा निवासी किशोर भाऊलाल पारधी (45) के पास से 200 रु. की अवैध शराब जब्त की है.

# फेडरेशन पर 50 फीसदी ही धान बिक्री

## 75,194 किसान अभी भी केंद्र पर नहीं पहुंचे



**गोंदिया.** जिले के प्रमुख अभिकर्ता माकोटग फेडरेशन के नियंत्रणाधीन 187 गारंटी भाव केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है. धान बिक्री के लिए 1 लाख 40 हजार 524 किसानों ने फेडरेशन के केंद्र में पंजीयन कराया है. लेकिन अब तक वास्तव में सिर्फ 65 हजार 330 किसानों ने ही केंद्र पर धान बेचा है. अभी भी 75 हजार 194 किसान धान लेकर केंद्र पर नहीं पहुंचे हैं. केंद्र पर नहीं पहुंचे किसान कहां गए? ऐसा सवाल किया जा रहा है. जिला आदिवासी विकास महामंडल व मार्केटिंग फेडरेशन के प्रमुख अभिकर्ताओं के माध्यम से कृषि उपज को समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है. मार्केटिंग फेडरेशन ने 2024-25 के खरीफ सीजन के लिए 188 में से 187 केंद्रों को धान खरीदी की मंजूरी दे दी है. जिनमें से 186 केंद्र पर धान की खरीदी शुरू हो चुकी है. इस केंद्र पर धान बेचने के लिए जिले के 1 लाख 40 हजार 524 किसानों ने पंजीयन कराया है. मार्केटिंग फेडरेशन के केंद्रों ने 31 दिसंबर तक 65 हजार 330 किसानों से 20 लाख 68 हजार 480.71 क्विंटल धान खरीदा. ऐसे में अब भी 75 हजार 194 किसान धान लेकर फेडरेशन के केंद्र पर नहीं पहुंचे हैं. वे किसान कहां गए? ऐसा सवाल किया जा रहा है.420 करोड़ रु. का बकाया 31 दिसंबर 2024 तक 475 करोड़ 75 लाख 5 हजार 633 रु. कीमत का धान खरीदी किया गया है. इसमें से सिर्फ 55 करोड़ 18 लाख 16 हजार 299 रु. का भुगतान 7 हजार 339 किसानों को किया गया है. शेष 57,991 किसानों का 420 करोड़ 56 लाख 89 हजार 334 रु. का बकाया है. अब रबी सीजन शुरू हो चुका है.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर शरीफ दरगाह के लिए भेजी चादर

**अजमेर.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ओर से आध्यात्मिक सद्भाव की प्रतीक चादर मुबारक (पवित्र गिलाफ) को आज अजमेर शरीफ दरगाह में पेश किया गया। यह चादर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री श्री किरेन रिजिजू, जनाब जमाल सिद्दीकी, किशनगढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री भागीरथ चौधरी और राजस्थान के राज्य मंत्री सुरेश सिंह रावत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा दरगाह शरीफ लाई गई। चादर मुबारक का स्वागत अजमेर शरीफ दरगाह के गद्दी नशीन हाजी सैयद सलमान चिश्ती और सैयद अफशान चिश्ती सहित खुद्दाम-ए-ख्वाजा गरीब नवाज (र.) समुदाय के अन्य सदस्यों ने किया। यह चादर 813वें वार्षिक उर्स मुबारक की शुभ शुरुआत का प्रतीक है, जो ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की आध्यात्मिक शिक्षाओं और उनकी विरासत को समर्पित है।

दस्तारबंदी और प्रार्थना समारोह: पवित्र चादर पेश किए जाने के बाद दरगाह के गर्भगृह में दस्तारबंदी समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सैयद सलमान चिश्ती और सैयद अफशान चिश्ती ने मंत्री किरेन रिजिजू और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों का सम्मान किया। इस दौरान देश और दुनिया में शांति, समृद्धि और भाईचारे के लिए विशेष प्रार्थना की गई। प्रधानमंत्री का संदेश: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चादर के माध्यम से अपने संदेश में कहा कि ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की शिक्षाएं शांति, करुणा और मानवता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि अजमेर शरीफ दरगाह समावेशिता और विविधता में एकता के मूल्यों को बढ़ावा देती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि "विश्व एक परिवार है" का भारतीय लोकाचार यहां स्पष्ट रूप से झलकता है। श्री किरेन रिजिजू ने व्यक्त किया आभार: मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने 813वें उर्स मुबारक के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री का यह कदम दरगाह की आध्यात्मिक विरासत के प्रति गहरा सम्मान प्रकट करता है और शांति व भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।" उन्होंने दरगाह के सभी श्रद्धालुओं को इस आयोजन में शामिल होने और ख्वाजा गरीब नवाज (र.) का आशीर्वाद प्राप्त करने का निमंत्रण दिया। उर्स मुबारक: आध्यात्मिक एकता का उत्सव: हर साल आयोजित होने वाला उर्स मुबारक अजमेर शरीफ की आध्यात्मिक विरासत का उत्सव है, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को समर्पित है और चिंतन, प्रार्थना तथा भक्ति के लिए एक मंच प्रदान करता है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की और 800 साल पुराने खुद्दाम-ए-ख्वाजा समुदाय की सेवाओं की सराहना की।

## ताजआबाद शरीफ से भी चिश्ती चादर रवाना

**नागपुर.** हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट की ओर से अजमेर शरीफ स्थित हजरत ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स के लिए चादर भेजी गई, चादर को पहले हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की मजार शरीफ पर पेश किया गया. इसके बाद चादर को लेकर संदल निकाला गया. पश्चात चादर लेकर श्रद्धुलों का जत्था अजमेर के लिए रवाना हुआ. इस चादर को 7 जनवरी को ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में छट शरीफ पर पेश किया जायेगा. इस अवसर पर प्रमुख रूप से हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र जिचकार, ट्रस्टी हाजी फरूखभाई बावला, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, हाजी इमरान खान ताज़ी, मुस्तफाभाई टोपीवाला, बाबा ताजुद्दीन दरगह खुद्दाम कमेटी के अध्यक्ष सैयद मोबीन ताज़ी आदि उपस्थित थे.





